# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 24.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 04, मारपीट 01 तथा शेष 07 विवाद से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

## प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा समस्त थानो की कम्युनिटी पुलिस टीम के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई तथा उल्लेखनीय योगदान करने वाले सीपीयू प्रभारीगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

आज दिनांक 24-07-2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में समस्त थानो की कम्युनिटी पुलिस टीम के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई तथा उल्लेखनीय योगदान करने वाले सीपीयू प्रभारीगण को  गया। एक विशेष अभियान चलाकर थानाक्षेत्र में रहने वाले 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुगों की सूची बनाकर उनसे क्रमवार सम्पर्क कर संवाद स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में जनपद में नियुक्त सीपीयू टीम द्वारा पूरे मनोयोग एवं दक्षता के साथ कार्यवाही करते हुये जनसहभागिता को बढ़ावा देने तथा पुलिस व आमजन के मध्य विश्वास एवम् सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने में दिये गये उल्लेखनीय योगदान दिया गया है, जिसकी अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा प्रशन्सा की गयी है। इस कार्यवाही से जनसहभागिता को बढ़ावा मिला तथा पुलिस व आमजन के मध्य विश्वास एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त हुआ है। इस सराहनीय कार्य के लिए अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस एवं सीपीयू टीम की प्रशंसा की गई है।

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से मय चोरी के माल (पीली धातु) व ₹1500/- नकद बरामद किया गया।**

**◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन मे व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ के नृतत्व मे आज दिनांक 24.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 152/26 धारा 305(ए),331(4),317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त निरंजन केवट उर्फ भोला पुत्र रामचंद्र केवट निवासी हथौसा थाना तौलहिवा जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल को मय चोरी के माल (पीली धातु) व ₹1500/- नकद के साथ प्लाईवुड तिराहा कस्बा शोहरतगढ के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.निरजंन केवट उर्फ भोला पुत्र रामचंद्र केवट ग्राम हथौसा थाना तौलियहवा जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल।

**बरामदगी का विवरण-**

01. 03 अदद ब्रेसलेट, 02 जोडी कंगन, 09 अगुठी (महिला व पुरुष), 02 नेटलेस, 02 जोडी कान का टप्स, 05 अदद मंगलसूत्र लाकेट चैन सहित, 01हार (सभी पीली धातु)

02. ₹1500 रुपये नगद भारतीय करेंसी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 संतोष कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 दयानन्द थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

03.हे0का0 अजय कुमार थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

04.हे0का0 दिनेश कुमार यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

05.हे0का0 सतीश कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

06.हे0का0 प्रभाकर यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म के आरोप मे वांछित 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में व श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के नेतृत्व में आज दिनांक 24.07.2026 को थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-156/2026 धारा- 137(2),87,64(2) (M) बीएनएस व 5(L)/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित 2 नफर वांछित अभियुक्तगण को बैदोला से बेंवा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.कोमल पुत्र कुमार निवासी प्रतापपुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.अमर कुमार पुत्र पंचम लाल निवासी हरदवा थाना मनिकापुर जनपद गोंडा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

01.उ0नि0 राम मिलन आजाद

02.का0 आदित्य पांडेय

03.का0 अमन प्रतीक दुबे

थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राजीव गाँधी नेशनल स्कूल ककरहवा बाजार की बालिकाओ को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के राजीव गाँधी नेशनल स्कूल ककरहवा बाजार की बालिकाओं को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना-**

1.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

2.हे0का0 रमाशंकर सिंह

3.रि0म0आ0 दीपिका तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मानवटीया माफी में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मानवटीया माफी में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

02 हे0का0 अनिल चौहान

03.म0का0 खुशबू सिंह

04.म0का0 कालिंदी

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भरौली की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव तथा गुड-बैड टच के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.07.2026 को थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भरौली की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव तथा गुड-बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

**0**1.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

02.हे0 का0 रमाशंकर सिंह

03.रि0म0आ0 दीपिका तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सरस्वती इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी ग यी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 24.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सरस्वती इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव
02.हे0का0 अविनाश सिंह
03.म0का0 उर्मिला देवी
04.म0का0शोभा भारती

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सेखुईया कला में महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 24.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम सेखुईया कला में महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेन्द्र शाही

02.आ0 दृकपाल

03.म0आ0 साधना यादव

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पथरा बाजार में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 24/07/2026 थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम- पथरा बाजार में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 रमाशंकर यादव

02.का0 सुदामा यादव

03.म0का0 ओमलता शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के खैर इंटरमीडिएट कॉलेज खैर में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के खैर इंटरमीडिएट कॉलेज खैर में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से जागरूक किया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना मोहाना साइबर सेल टीम द्वारा पैसे भेजते समय किसी अन्य खाते में चले जाने से सम्बंधित धनराशि 9993/- रुपये को MRM पोर्टल के माध्यम से थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा कराया गया वापस ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-16.04.2025 को आवेदक श्री रामकेश यादव पुत्र राम सजीवन यादव निवासी नौगढ़ रोड, रामपुर खास थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से पैसे कट जाने के संबंध में NCRP पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज किया गया था । जिस पर थाना मोहाना साइबर सेल टीम , साइबर सेल सिद्धार्थनगर व बैंक के समन्वय से आवेदक रामकेश यादव उपरोक्त के फ्राड धनराशि 9,993/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली थाना मोहाना साइबर टीम का विवरण-**

1. जितेन्द्र सिंह (थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर)
2.साइबर सेल प्रभारी सर्वेश यादव
3.उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रसाद यादव
4.क0आ0 प्रदीप कुशवाहा
4.का0 धीरज कुमार खरवार
5.म0का0 रोमी तिवारी
6.रि0का0 अनुज कुमार

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा सीसी टीम द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र के लक्ष्मी कैंब्रिज हायर सेकेंडरी स्कूल बनकटा में चौपाल लगाकर जन जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय सीसी टीम द्वारा यातायात, सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.07.2026 को थानाक्षेत्र के लक्ष्मी कैंब्रिज हायर सेकेंडरी स्कूल बनकटा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ग्रामीणों को सड़क दुर्घटना रोकने व यातायात के नियमों व शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया । ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

## प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल के सभी थानो के पैरवी अधिकारीगण के साथ सर्किल इटवा कार्यालय पर बैठक कर समीक्षा की गई एवं सर्व संबंधित को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।**

आज दिनांक 24.07.2026 को पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल इटवा कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैरवी अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शिकायतों के निस्तारण, एवं माननीय न्यायायालय में विचाराधीन अभियोगो में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाये जाने हेतु थाने द्वारा की जा रही पैरवी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित कार्यों का त्वरित निस्तारण करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 24.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी ।

# प्रेस नोट दिनांक 24.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल इटवा के सभी थानों लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सभी विवेचकगण का सर्किल इटवा पर अर्दली रूम किया गया व लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 24.07.2026 को पवीन प्रकाश , क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल इटवा के सभी थानों का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, ई-साक्ष्य ऐप, इ-सम्मन ऐप, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।